>

Title: Need to provide subsidized CNG to consumers in Gwalior, Madhya Pradesh.

श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया (ग्वालियर): ग्वालियर, मध्य प्रदेश में अवंतिका गैस कंपनी के माध्यम से रायरू में स्थापित किए गए मुख्य स्टेशन से सी.एन.जी. की आपूर्ति की जा रही है। महानगर के अन्य भागों में सी.एन.जी. प्रदान करने हेतु उसकी शाखाएं उपनगर ग्वालियर, मुरार, थाटीपुर एवं लश्कर में शीघ्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

वर्तमान में, ग्वालियर में 63 रूपये प्रति कि.ग्रा. सी.एन.जी. उपलब्ध हो रही है, जबकि दिल्ली में 39 रूपये, नोएडा (उ.प्र.) में 45 रूपये, फरीदाबाद में 50 रूपये प्रति कि.ग्रा. एवं कोटा में 46 रूपये प्रति कि.ग्रा. उपलब्ध हो रही है। इस संबंध में पता करने पर ज्ञात हुआ है कि दिल्ली में एवं देश के अन्य महानगरों में सी.एन.जी. प्रदान करने वाली कंपनियों को भारत सरकार सब्सिडी देती है। परंतु ग्वालियर में सी.एन.जी. प्रदान करने वाली अवंतिका गैस कंपनी को सब्सिडी नहीं मिलने के कारण यहां सी.एन.जी. महंगी है।

सरकार से आग्रह है कि ग्वालियर में सी.एन.जी. की शाखाएं शीघ्र स्थापित किए जाने हेतु एवं ग्वालियर में गैस प्रदान करने वाली कंपनी को सब्सिडी प्रदान की जाए ताकि वह भी रियायती दर पर सी.एन.जी. की आपूर्ति ग्वालियर में आसानी से कर सके।